>

Title: Need to keep a vigil and take adequate security measures keeping in view the increasing military activities by China along Sino-India border.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): अधिकृत सूत्रों से पता चला है कि चीन, चीन-भारत सीमा पर आधुनिक हथियारों का ज़खीरा जमा करने जा रहा है। अपने सुरक्षा इफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत कर रहा है। असम तथा अरुणाचल प्रदेश के विस्तारों में माउंटेन डिवीजन खड़ी करने जा रहा है। पाकिस्तान के विस्तारों में रेल एवम् रास्तों का विस्तार कर रहा है। जिससे भारत के साथ टकराव में सुविधा रहे। पाक अधिकृत कश्मीर के गिलगिट और बाल्तिस्तान विस्तार में तो चीन का अंकुश चल रहा है। भारत में घुसपैठ इत्यादि जैसी स्थिति में भारत की सुरक्षा को भयंकर खतरा हो सकता है।

मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि वह उपरोक्त को मद्देनजर रखकर देश की आतंरिक सुरक्षा हेतु उचित कार्रवाई करे एवम् सक्षम विदेश नीति का अवलंबन करे।